# <u>जनपद बाराबंकी</u>

**प्रेस नोट संख्या-42** **दिनांक 29.09.2023**

**थाना बड्डूपुर पुलिस द्वारा हिस्ट्रीशीटर सहित अन्तर्जनपदीय 02 शातिर वाहन चोरों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का 01 अदद पिकप व 04 अदद मोटरसाइकिलें बरामद-**

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा अपराध पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 29.09.2023 को मैनुअल इंटेलीजेन्स की मदद से थाना बड्डूपुर पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर चोरों 1. महेन्द्र जायसवाल पुत्र प्रेमचन्द्र जायसवाल निवासी सिकोहना थाना मोहम्मदपुरखाला जनपद बाराबंकी (हिस्ट्रीशीटर), 2. हंसराज पुत्र सोनेलाल निवासी भयारा थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी को नहर कोठी चौराहा थाना बड्डूपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से विभिन्न स्थानों से चोरी की गई 04 अदद मोटर साइकिल व 01 अदद पिकप बरामद किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना बड्डूपुर पर मु0अ0सं0 283/2023 धारा 379/411/413 भादवि पंजीकृत किया गया।

पूछताछ करने पर प्रकाश में आया कि गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा बाराबंकी व आस-पास के जनपदों (लखनऊ, सीतापुर आदि) से विभिन्न थाना क्षेत्रों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों जैसे- बैंक, अस्पताल, धार्मिक स्थलों के बाहर खड़ी मोटर साइकिलों का लॉक तोड़कर चोरी किया जाता है। दिनांक 11.09.2023 को अभियुक्तगण द्वारा थाना बड्डूपुर क्षेत्रान्तर्गत भगौली मन्दिर के पास से महिन्द्रा पिकप मैक्स UP 41BT7467 चोरी कर लिया गया था जिसके सम्बन्ध में थाना बड्डूपुर पर मु0अ0सं0 253/2023 धारा 379 भादवि पंजीकृत है एवं अभियुक्तगण द्वारा हाण्डा साइन मोटरसाइकिल को विगत वर्ष पॉलिटेक्निक चौराहा लखनऊ से, हीरो एचएफ डिलक्स बाराबंकी शहर से, स्प्लेण्डर प्लस मोटर साइकिल को विगत वर्ष सरैंया चौराहा थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर से चोरी करने तथा सुपर स्प्लेण्डर मोटर साइकिल को विगत माह ग्राम भैरमपुर लालपुर करौता थाना मोहम्मदपुर खाला से चोरी करना स्वीकार किया गया है जिसके सम्बन्ध में थाना मोहम्मदपुर खाला पर मु0अ0सं0 496/2023 धारा 379 भादवि पंजीकृत है। अभियुक्तगण चोरी किये गये वाहनों को सस्ते दामों पर लोगों को बेच देते हैं।

**<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-</u>**

1. महेन्द्र जायसवाल पुत्र प्रेमचन्द्र जायसवाल निवासी सिकोहना थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी

(HS No-01A थाना मोहम्मदपुर खाला)

2. हंसराज पुत्र सोनेलाल निवासी भयारा थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी

**<u>बरामदगी-</u>**

1. मोटर साइकिल हाण्डा साइन UP32 MB3763
2. मोटर साइकिल हीरो एचएफ डिलक्स UP41 AH4310
3. मोटर साइकिल सुपर स्प्लेण्डर UP32 LE1745 (सम्बन्धित मु0अ0सं0 496/2023 धारा 379 भादवि थाना मोहम्मदपुर खाला)
4. मोटर साइकिल स्प्लेण्डर प्लस UP34 BP5691
5. महिन्द्रा पिकप मैक्स UP 41BT7467 (सम्बन्धित मु0अ0सं0 253/2023 धारा 379 भादवि थाना बड्डूपुर)

**<u>अनावरित अभियोग-</u>**

1. मु0अ0सं0 496/2023 धारा 379 भादिव थाना मो0पुर खाला जनपद बाराबंकी
2. मु0अ0सं0 253/2023 धारा 379 भादवि थाना बड्डूपुर जपनद बाराबंकी

**<u>आपराधिक इतिहास-</u>**

1. महेन्द्र जायसवाल पुत्र प्रेमचन्द्र जायसवाल निवासी सिकोहना थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी (हिस्ट्रीशीटर)

1. मु0अ0सं0 251/2019 धारा 41/411/413 भादवि थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी
2. मु0अ0सं0 29/2019 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी
3. मु0अ0सं0 07/2018 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी
4. मु0अ0सं0 71/2015 धारा 379/411 भादवि0 थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी
5. मु0अ0सं0 38/2016 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी

2. हंसराज पुत्र सोनेलाल निवासी भयारा थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी

1. मु0अ0सं0 258/2017 धारा 354 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी।

**<u>पुलिस टीम-</u>**

1. थानाध्यक्ष श्री संतोष कुमार थाना बड्डूपुर जनपद बाराबंकी
2. उ0नि0 श्री राकेश कुमार थाना बड्डूपुर जनपद बाराबंकी
3. का0 अमरीश वर्मा, का0 आशीष यादव थाना बड्डूपुर जनपद बाराबंकी
4. का0 गनेश बाबू, का0 चट्टान सिंह थाना बड्डूपुर जनपद बाराबंकी